Veer Arjun Date 24.06.2023

डॉ वीपी सिंह पंहुचे कांस्टेबल थान सिंह की पाठशाला में

नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। गर्मियों के मौसम में अगर सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाला कोई फल है तो वो है फलो का राजा आम, चौसा, दशहरी, लंगड़ा, जैसी वैराइटियों के आमों को हमारे देश में न सिर्फ पसंद किया जाता है बल्कि खूब खाया भी जाता है.आमतौर पर लोग फलो के राजा आम की पार्टिया अपने रिश्तेदारों के साथ करते दिखाई देते है या फिर जान पहचान या मिलने वालो के साथ.लेकिन आज एक बड़ा ही अनोखा और अद्भद नजारा देखने को मिला लालकिला पार्किंग में बने एक मंदिर में जंहा दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल थान सिंह की प्रसिद्ध पाठशाला में स्लम एरिया के बच्चो के साथ आम पार्टी का आयोजन किया गया। ये खास और अनोखा आयोजन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कट्रोल के चीफ व प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. वी.पी.सिंह ने किया.इस आयोजन में डॉ. वी. पी.सिंह ने इस पाठशाला में पढने आये सभी छात्रों को नोटबुक,



पेन्सिल, कलर्स, कटर, स्केल इत्यादि के साथ- साथ रियल मिक्स फ्रूट जूस और लजीज आमों का वितरण किया गया.इस आम पार्टी के साथ साथ डॉ. वी. पी. सिंह ने आज बच्चो को भविष्य में आगे बढ़ने के टिप्स भी दिए साथ ही उन्हें पढ़ाई के बारे में प्रेरित भी किया।

उन्होंने बच्चो के साथ कई घंटे का समय बिताया और अनेक महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की.बच्चो ने उनकी बताओ को ध्यान से सुना और आम पार्टी का जमकर लुत्फ़ उठाया.इस मौके पर पाठशाला के संचालक कॉन्स्टेबल थान सिंह ने कहा की बहुत सारे समाजसेवी यह आते है लेकिन डॉ वी पी सिंह से मिलकर उन्हें काफी अच्छा लगा.उन्होंने कहा की हमने डॉ वी पी सिंह से आग्रह किया है की इन बच्चो के लिए एक गणित और विज्ञान के टीचर की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

Desh Bandhu

गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण



नई दिल्ली। दिल्ली के लालकिला पार्किंग में दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल थान सिंह की पाठशाला में स्लम एरिया के बच्चों के साथ आम पार्टी का आयोजन किया गया। ये खास और अनोखा आयोजन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कट्रोल के चीफ व प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. वी पी सिंह ने किया। इस आयोजन में डॉ. वी पी सिंह ने इस पाठशाला में पढ़ने आए सभी छात्रों को नोटबुक, पेन्सिल, कलर्स, कटर, स्केल इत्यादि के साथ-साथ रियल मिक्स फ्रूट जूस और लजीज आमों का वितरण किया गया। इस आम पार्टी के साथ साथ डॉ.वीपी सिंह ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के टिप्स भी दिए साथ ही उन्हें पढ़ाई के बारे में प्रेरित भी किया उन्होंने बच्चों के साथ कई घंटे का समय बिताया और अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर पाठशाला के संचालक कॉन्स्टेबल थान सिंह ने कहा की बहुत सारे समाजसेवी यहां आते हैं लेकिन डॉ.वी.पी.सिंह से मिलकर उन्हें काफी अच्छा लगा। उन्होंने कहा की हमने डॉ.वी.पी.सिंह से आग्रह किया है की इन बच्चों के लिए एक गणित और विज्ञान के टीचर की वैकल्पिक व्यवस्था की जाये इस पर उन्हें डॉ.वी.पी सिंह ने मान लिया और जल्द ही इन बच्चों के लिए संबंधित विषयों के लिए दो अध्यापकों की व्यवस्था करने की बात भी कही।